# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, परफेक्ट मिशन," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 27.09.2024

# एचएएफएल से बाहर होंगे कई मोहल्ले, वीडीए करा रहा ड्रोन सर्वे

## 1978 की आई बाढ़ और सूरत की एक एजेंसी की रिपोर्ट पर वाराणसी विकास प्राधिकरण ने घोषित किया है एचएफएल क्षेत्र

जेपी पांडेय, जागरण


वाराणसी : बनारस और चंदौली (वीडीए सीमा क्षेत्र) में गंगा किनारे के कई गांव, मोहल्ले और बस्तियों की पांच लाख से अधिक आबादी के लिए राहत भरी खबर है। कई दशक से हाई फ्लड लेवल यानि उच्च बाढ़ स्तर (एचएफएल) का दर्द झेल रहे लोगों को निर्माण पर लगी रोक से छुटकारा मिल जाएगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने दोनों जिलों को मिलाकर पांच हजार से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रोन सर्वे (मैपिंग सर्वे) कराना शुरू कर दिया है। पहले चरण में नरायनपुर से पड़ाव तक का फ्लाइविंग इंटर प्राइजेज (बीएचयू स्टार्टअप कंपनी) ने ड्रोन सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद शहरी क्षेत्र में गोदौलिया से असि होते हुए सामने घाट तक एचएफएल क्षेत्र का ड्रोन सर्वे किया जाएगा।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का ड्रोन से लिया फोटो●

वर्ष 1978 में आई बाढ़ में चंदौली के कटेसर, साहूपुरी समेत कई गांव, बनारस के रामनगर, गोदौलिया चौराहे से लक्सा थाने तक पानी पहुंच गया था। उस दौरान सूरत की एजेंसी की रिपोर्ट पर वीडीए ने एचएफएल क्षेत्र घोषित कर दिया था। पांच दशक में एचएफएल क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति काफी बदल गई है। वह इलाका ऊंचा होने के साथ अब बाढ़ का पानी नहीं पहुंचता है लेकिन एचएफएल क्षेत्र होने के चलते वहां नए निर्माण पर रोक है। विकास प्राधिकरण नक्शा पास नहीं कर सकता है। साथ ही उन क्षेत्रों में अवैध निर्माण जारी है। कार्रवाई के बाद भी लोग जगह के अभाव का हवाला देते हुए निर्माण करा रहे हैं।

**पहले चरण में तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल :** फ्लाइविंग इंटर प्राइजेज के निदेशक अमित राय ने बताया कि पहले चरण में नरायनपुर से पड़ाव तक तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल का ड्रोन सर्वे किया जा रहा है। उसमें सत्यापन का काम बाकी है। दूसरे चरण में शहरी क्षेत्र गोदौलिया से असि होते हुए सामने घाट तक सर्वे होगा। कोशिश है कि अक्टूबर तक सर्वे का काम पूरा कर लिया जाए।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का ड्रोन सर्वे करता फ्लाइविंग इंटर प्राइजेज का कर्मचारी●

**कौटिल्य संस्था का हाईकोर्ट से स्टे**

एचएफएल क्षेत्र में अवैध निर्माण होने पर कौटिल्य संस्था ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करते हुए स्टे लिया है। हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन, वीडीए समेत कई विभागों को पार्टी बनाया है। वहीं अन्य लोगों ने भी जनहित याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने वीडीए से इस संबंध सुझाव मांगा है। वीडीए अपने स्तर से सर्वे कराने के बाद रिपोर्ट तैयार कर रहा है।



> वर्ष 1978 में आई बाढ को लेकर एचएफएल क्षेत्र चिह्नित किया गया है। पांच दशक में उन क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति काफी बदल चुकी है। एचएफएल क्षेत्र होने से लोगों को निर्माण करने में परेशानी होती थी। ड्रोन सर्वे कराकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।
>
> – पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

**प्रभावित शहरी इलाका**

गोदौलिया, कोदई चौकी, जंगमबाड़ी, मदनपुरा, पांडेय हवेली, सोनारपुरा, शिवाला, भदैनी, अस्सी, रविंद्रपुरी, रमापुरा, लक्सा, कमच्छा, रेवड़ी तालाब, गौरी गंज, भेलूपुर, चेतमणि, गुरुधाम।

**मुगलसराय से रामनगर**

साहूपुरी, कटेसर, रामनगर, सेमरा, पड़ाव का कुछ हिस्सा, चौरहट, रतनपुर।

**52 लाख में बने छह फ्लैपर गेट**

रामनगर क्षेत्र में गंगा के पानी को रोकने के लिए वीडीए ने सिंचाई विभाग की मदद से छह फ्लैपर गेट बनवाए हैं। इसके लिए वीडीए ने सिंचाई विभाग को 52 लाख रुपये दिए थे। फ्लैपर गेट बनने से साहूपुरी, कटेसर समेत कई गांव में गंगा का पानी नही जाता है।

## दैनिक जागरण–दि0 27.09.2024

# रथयात्रा से कमच्छा तक सड़क चौड़ीकरण जरूरी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : रथयात्रा चौराहे से कमच्छा (जलकल विभाग) तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सभागार में बीएचयू के शिक्षा संकाय के अधिकारियों संग बैठक की।

वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रथयात्रा चौराहे से कमच्छा मुख्य मार्ग है। यहां सड़क संकरी होने से जाम लगता है। इसको देखते हुए यातायात विभाग ने एकल मार्ग बना रखा है। सड़क पर वाहनों का दबाव देखते हुए चौड़ीकरण किया जाना जरूरी है। जमीन के एवज में बीएचयू जो चाहे वीडीए से काम करा सकता है। जनहित में सड़क चौड़ीकरण की योजना बनाई गई है। वीडीए की महायोजना में भी है।

बैठक में सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा, जयदीप भगत, विजय पटेल, पीके मिश्रा, प्रभाकर पांडेय आदि मौजूद थे।

## दैनिक जागरण—दि0 27.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण ने सील किया दो वैध निर्माण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** विकास प्राधिकरण सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा के निर्देश पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि चेतगंज वार्ड के हबीबपुरा में तीन मंजिल का एकल आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराकर बेसमेंट के अलावा चार मंजिल अवैध निर्माण किया गया था। यह निर्माण तरुण मोटवानी ,रिचा दहलानी व वर्षा मोटवानी के नाम से था। निर्माण को सील कर चेतगंज पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। इसी वार्ड में लल्लापुरा क्षेत्र में बिलाल अहमद अवैध निर्माण कर रहे थे। इसे भी सील कर चेतगंज पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

## अमर उजाला—दि0 27.09.2024

### कैंट-लंका के बीच रथयात्रा पर बॉटल नेक सड़क होगी 18 मीटर चौड़ी

#### रथयात्रा-कमच्छा-भेलूपुर पावर हाउस तक की सड़क का होगा चौड़ीकरण

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** कैंट-लंका मार्ग के बॉटल नेक (संकरी जगह) को 18 मीटर चौड़ा करने की तैयारी चल रही है। वीडीए महायोजना के अनुसार इस मार्ग के संकरे हिस्से रथयात्रा से कमच्छा भेलूपुर पावर हाउस तक की 12 मीटर चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा। बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में हुई बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्णय लिया है।

बैठक में बीएचयू शिक्षा संकाय और अन्य विभागों से चर्चा करने के बाद यह तय हुआ कि सड़क चौड़ीकरण कर यातायात को बेहतर किया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्यवाही पूरी करने की हिदायत दी गई। इसी जगह पर जाम भी लगता है। इसके चक्कर में कई बार लोगों को घूमकर दूसरे रास्तों से होकर जाना पड़ता है।

वीडीए महायोजना के अनुसार इस सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव बनाया गया है। इस मार्ग पर बीएचयू का शिक्षा संकाय, सीएचएच बॉयज स्कूल और भेलूपुर पावर हाउस हैं। इन सभी से बातचीत कर चहारदीवारी को पीछे करने पर सहमति जताई गई। इसके लिए संपत्तियों के आकलन और ड्राइंग डिजाइन का काम फाइनल करने के बाद सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इसके चौड़ीकरण से कैंट से लंका जाने वालों की राह आसान हो जाएगी। जल्द ही यहां से अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, शिवाजी मिश्रा, जयदीप भगत, विजय पटेल मौजूद रहे।

#### रथयात्रा से गुरुबाग तिराहे की ओर भेजे जा रहे वाहन

*दरअसल इसी बॉटल नेक के कारण कैंट से लंका जाने वाले वाहनों को रथयात्रा चौराहे से गुरुबाग तिराहे की ओर भेजा जा रहा है। ये वाहन गुरुद्वारे से कमच्छा तिराहा होकर भेलूपुर पावर हाउस की ओर जाते हैं। यहां से भेलूपुर जलकल होते हुए विजया तिराहा और फिर रवींद्रपुरी से लंका जाते हैं। बॉटल नेक चौड़ा होने से जो वाहन रथयात्रा से गुरुबाग की ओर घुमाए जा रहे हैं वे सीधे निकल जाएंगे। जिन्हें विश्वनाथ मंदिर जाना होगा वहीं गुरुबाग की ओर जाएंगे।*

## अमर उजाला–दि0 27.09.2024

### अवैध निर्माण सील किए

वाराणसी। वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को चेतगंज में तरुण मोटवानी, रिचा दहलानी, वर्षा मोटवानी की ओर से एकल आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराया गया था। नक्शा के विपरीत निर्माण को वीडीए ने सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया। चेतगंज में बिलाल अहमद, अबरार अहमद की ओर से लल्लापुरा में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जिसे सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया। ब्यूरो

## आज–दि0 27.09.2024

### रथयात्रा से भेलूपुर तक सड़क चौड़ी करने पर हुआ विचार-विमर्श

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरुवार को विप्रा सभागार में एक बैठक की। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि रथयात्रा से कमच्छा होते हुए भेलूपुर पावर हाउस के सड़क को चौड़ीकरण करना । इसके बारेमें उन्होंने बीएचयू शिक्षा संकाय के



अधिकारी से भी बैठक के दौरान सुझाव मांगा एवं संबंधित रास्ते में पड़ रहे सरकारी विभागों के अधिकारियों से सड़क चौड़ी करने के लिए उनके सुझाव लिए। उल्लेखनीय है कि महायोजना के तहत उक्त सड़क को चौड़ी करना है विचार विमर्श के बाद उपाध्यक्ष ने क्षेत्र के संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में सचिव वेद प्रकाश मिश्र नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, शिवाजी मिश्र, जयदीप भगत, विजय पटेल, पी.के.मिश्र, प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 27.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण की परिवर्तन टीम ने की कार्यवाही

वाराणसी। उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के पर आज विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी ।वार्ड- चेतगंज में तरुण मिटवानी,रिचा दहलानी व वर्षा मिटवानी भवन सख्या - ष्ट-19/15ऱ-2-1+15-2-1-ऱ्य वार्ड- चेतगंज, हबिबपुरा में त्र+3 अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चेतगंज थाना की अभिरक्षा मे सौप दिया गया ।मौके पर जोनल अधिकारी श्री सौरभदेव प्रजापत्ति व अवर अभियंता श्री रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे ।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 27.09.2024

### कमच्छा-भेलूपुर मार्ग चौड़ीकरण का रास्ता साफ



वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई बैठक में रथयात्रा से कमच्छा भेलूपुर पावर हाउस तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर विचार- विमर्श हुआ। इस दौरान बीएचयू शिक्षा संकाय के अधिकारियों ने अपनी राय रखी, वहीं सड़क चौड़ीकरण पर अन्य विभागों से भी विचार विमर्श किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष ने महायोजना के तहत उक्त सड़क का चौड़ीकरण करने का निर्णय लिया। इस संदर्भ में अधिकारियों को मार्ग में बाधक आने वाले सभी समस्याओं को दूर करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक मैं सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, शिवाजी मिश्रा, जयदीप भगत, विजय पटेल, पीके मिश्रा, प्रभाकर पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 27.09.2024

### गोदौलिया पर रोप-वे स्टेशन बनाने का जिम्मा तय

**वाराणसी।** काशी में देवाधिपतिदेव बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने में पर्यटकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए गोदौलिया पर रोप-वे स्टेशन के निर्माण ने रसार पकड़ ली है। इस कार्य को तेजी से कराने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गयी है और कार्यदायी संस्था विश्व समुद्र ने कर्मचारियों की संख्या बढा दी है। नौ मीटर ऊंचाई पर बनाये जा रहे इस स्टेशन से किसी को कोई परेशानी नहीं होगी जबकि उसके नीचे से लोगों की आवाजी होगी। लोगों को वाहन खड़ा करने के लिए गिरजाघर पर पार्किंग की व्यवस्था भी होगी। इसके लिए जगह बिकसित किया जा रहा है और वहां मरम्मत के लिए स्थान भी बनाया जा रहा है। विश्व समुद्र कंपनी की ओर से बनाये जा रहे इस प्रोजेक्ट के लिए 807 करोड़ रूपये स्वीकृति हुआ है। इस रोप-वे में कुल 28 टावर लगाया जायेगे। जिसमें से आठ टावरों के निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके प्रथम सेक्शन का निर्माण जहां 2.50 किमी पर होगा, वहीं दूसरे का 1.03 किमी पर रखा जायेगा।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 27.09.2024

### रोपवे की पायलट परियोजना के बाबत वीडीए वीसी ने की बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में रोपवे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा की।

वाराणसी कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोपवे की पायलट परियोजना अन्तर्गत कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोपवे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य एनएचएलएमएल द्वारा कराये जा रहे कार्यों के गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा में विद्युत विभाग, जलकल, के अधिकारीगण उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने विद्युत विभाग को रोपवे के कार्य में आने वाले ट्रांसफार्मर व तार शफिटिंग का काम कराने का निर्देश दिया। जलकल को रोड कटिंग व शफिटिंग के दौरान कार्यों में विलम्ब तथा आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुवे समस्याओं का सामाधान जल्द से जल्द करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार, पूजा मिश्रा व लाला सतीश सुमन उपस्थित रहे।



**वीडीए वीसी पुलकित गर्ग रोपवे परियोजना के बाबत बैठक लेते हुए। सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अफ़सर रहे मौजूद**

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 27.09.2024

### अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही

वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में आज दिनाक 26-09-2024 को विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहतवार्ड- चेतगंज में तरूण मिटवानी,रिचा दहलानी व वर्षा मिटवानी भवन सख्या - ए-19/15ँ-2-1ह15ँ-2-1-ख वार्ड- चेतगंज, हबिबपुरा में ऊ3 अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चेतगंज थाना की अभिरक्षा मे सौप दिया गया।मौके पर जोनल अधिकारी श्री सौरभदेव प्रजापत्ति व अवर अभियंता श्री रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 27.09.2024

### रथयात्रा से कमच्छा भेलूपुर पावर हाउस तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर हुआ विचार विमर्श

वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा की अध्यक्षता में बैठक सभागार में आहूत की गयी । इसमें रथयात्रा से कमच्छा भेलूपुर पावर हाउस तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान बीएचयू शिक्षा संकाय के अधिकारियों ने भी अपनी राय रखी। साथ ही सड़क चौड़ीकरण पर अन्य विभागों से भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, शिवाजी मिश्रा, जयदीप भगत, विजय पटेल, पीके मिश्रा, प्रभाकर पांडेय आदि मौजूद थे।

## दैनिक जागरण आईनेक्सट–दि0 27.09.2024

बेंगलुरु-पुणे की तर्ज पर बनारस को विकसित करने की तैयारी

# सेंट्रल जेल और मकबूल आलम रोड होगी हाईटेक

**GOOD NEWS**

शहरी स्थान निर्माण परियोजना के तहत बनारस होगा डेवलप

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (26 Sept):** बनारस की दिन-ब-दिन बदली विकास की तस्वीरें पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रही हैं. बनारस एक ऐसा शहर है, जहां हर हाइटेक सिटी की झलक दिख जाती है. हरिद्वार की तरह गंगा घाट, दिल्ली जैसी फ्लाईओवर व फोरलेन, मुंबई जैसे बड़े-बड़े होटल व मॉल हैं. इसी कड़ी में अब बेंगलुरु-पुणे की तर्ज पर बनारस को विकसित करने की तैयारी हो रही है. इसके लिए दो जगहों का चयन किया गया है, जिसमें जेपी मेहता से सेंट्रल जेल रोड और पुलिस लाइन से मकबूल अलम रोड शामिल है. इन दोनों जगहों की सड़क काफी चौड़ी है. इन दो सड़कों के लगभग 2 से 3 किमी के दायरे को पूरी तरह से मेट्रो सिटी की तर्ज पर डेवलप करने का प्लान तैयार किया गया है. इसके अलावा भी बनारस के कई इलाकों को एक नए स्वरूप में सामने लाने का काम किया गया और अब कई कॉलोनी और कई इलाकों की शक्ल सूरत बदलने की तैयारी की जा रही है. बनारस को हाइटेक शहर बनाने का प्लान वाराणसी विकास प्राधिकरण ने तैयार किया है.





वीडीए की तरफ से बनाया गया प्लान.

### सुंदर माहौल तैयार होगा

वीडीए शहरी स्थान निर्माण परियोजना के तहत बनारस के दो इलाकों को मेट्रो सिटी की तर्ज पर डेवलप करने का काम कर रहा है. सेंट्रल जेल रोड पर जगह होने की वजह से इस पूरे इलाके को हाइटेक सिटी प्लानिंग के तहत डेवलप किया जाएगा. इसका उद्देश्य बनारस के लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए पहुंच, सुरक्षा और सुंदर माहौल को बढ़ाने के लिए शहरी स्थानों को नए रूप में डेवलप करना है. इस योजना और कार्यान्वयन के माध्यम से शहरी डिजाइन और बुनियादी व्यवस्था के साथ लोगों का बेहतर सुविधा देने की तैयारी है. इस प्लान की मुख्य विशेषताओं में नई क्रिएटिविटी के साथ चीजों को एक बेहतर रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी की गई है, जो लोगों की आंखों को भी सुंदर लगे और इस माहौल में बनारस जैसे शहर में लोगों को होते हुए मेट्रो सिटी में होने का अहसास हो.

### क्या-क्या नजर आएगा

सेंट्रल जेल रोड और मकबूल आलम रोड की दीवारों को न्यूरोलॉजिस्ट पेंटिंग के जरिए सुंदर बनाने का काम होगा, जिसकी शुरुआत कुछ जगहों से कर दी गई है. इसके अलावा कुछ स्ट्रक्चर और क्रिएटिविटी के साथ नई दीवारों की बनाने का काम होगा. इसके अतिरिक्त, विभिन्न इंटरैक्टिव इंस्टॉलेशन, जैसे अपशिष्ट सामग्री बेंच, बच्चों के खेलने के उपकरण और ओपन जिम सुविधाएं, पानी के फव्वारे, पोस्ट-टॉप लैंप और कैनोपी शेड तैयार होंगे.



"शहरी स्थान निर्माण परियोजना तहत सेंट्रल जेल रोड और मकबूल आलम रोड को मेट्रो सिटी की तर्ज पर डेवलप करने की योजना है. इसमें पाथ-वे, टेबल-टॉप स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप्स, ट्रैफिक सिग्नल और साइनेज जैसी सुविधाएं शामिल होंगी. सजावटी पत्थर के बोलार्ड, एडवांस और हाईटेक लाइट्स इन इलाकों में एक नया स्वरूप देने के लिए लगाई जाएगी.

**पुलकित गर्ग**, वीसी वीडीए

### ये भी डेवलपमेंट होगा

इन दोनों जगहों पर पैदल चलने के लिए पाथ-वे बनाए जाएंगे, जिनमें कोबलस्टोन, स्पर्शनीय टाइल्स और अच्छी तरह से डिजाइन की गई टाइल्स और पेवर ब्लॉक सतहों वाले फुटपाथ पर लगेंगे. इसके अलावा टेबल-टॉप स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप्स, ट्रैफिक सिग्नल और साइनेज जैसी सुविधाएं शामिल होंगी. सजावटी पत्थर के बोलार्ड, एडवांस और हाईटेक लाइट्स इन इलाकों में एक नया स्वरूप देने के लिए लगाई जाएगी. इस परियोजना के जरिये वीडीए स्थायी शहरी विकास को बढ़ावा देने और निवासियों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयास करेगा. यह काम शुरू हो चुका है और माना जा रहा है कि दिसंबर नहीं तो मार्च 2025 तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा.



इस तरह होगी हाईटेक लाइट.



इस तरह से बैठने की व्यवस्था.

परफेक्ट मिशन–दि0 27.09.2024

## वीडीए उपाध्यक्ष ने किया रोपवे निर्माण परियोजना की समीक्षा



**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में रोपवे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा की गयी। वाराणसी कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोपवे की पायलट परियोजना अन्तर्गत कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोपवे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य एन0एच0एल0एम0एल0 द्वारा कराये जा रहे कार्यो के गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा में विधुत विभाग, जलकल, के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वि0डी0ए उपाध्यक्ष ने विधुत विभाग को रोपवे के कार्य में आने वाले ट्रांसफार्मर व तार शफिटिंग का काम कराने का निर्देश दिया है, जलकल को रोड कटिंग व शफिटिंग के दौरान कार्यो में विलम्ब तथा आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुवे समस्याओं का सामाधान जल्द से जल्द करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान वी0डी0ए सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधिक्षण अभियन्ता अजय पवार, पूजा मिश्रा व लाला सतीश सुमन उपस्थित रहे।